



# पति बोला आत्महत्या की, जांच में निकली हत्या

**खास बातें**
- पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, एफएसएल टीम ने भी की थी जांच
- आरोपी पति को लिया हिरासत में, जारी है पूछताछ



नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 अगस्त, शमशाबाद तहसील के गांव लखार से एक चौकाने वाला हत्या का मामला सामने आया है.जहां पर एक पति ने पूरी प्लानिंग के साथ पत्नि की हत्या कर दी और इस हत्या को उसने आत्महत्या का सीन क्रियेट किया. लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ने मामले को पूरी तरह से पलट दिया और आत्महत्या की बात सिरे से खारिज हुयी और मामला हत्या में तबदील हो गया.**

यह पूरा घटनाक्रम 1 अगस्त की रात का है जहां पर आरोपी पत्नि ने हत्या की पूरी प्लानिंग की और उसे आत्महत्या दिखाते हुये पुलिस को बताया कि रात के समय उसकी पत्नि को पेट में दर्द हुआ जिसके बाद उसने एक साथ कई टेबलेट खा लीं और फंदे पर लटकने की कोशिश की. आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि उसने फंदे से अपनी पत्नि को उतारा और उसको चेक किया तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी जिसकी जानकारी अपने परिजनों को दी और सुसराल पक्ष के लोगों को भी सूचित कर दिया. जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गयी.

जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को पूरा मामला ही संदिग्ध लगा जिसके चलते एफएसएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की. जांच पड़ताल के दौरान आरोपी पति अपनी पत्नि की मौत को आत्महत्या बता रहा था. इसी बीच 3 अगस्त को आयी मेडीकल रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि पत्नि की मौत गला दवाकर हुयी है. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

### जांच में जुटी पुलिस क्यों की हत्या

जब पुलिस को सूचना मिली थी कि 30 वर्षीय खुशबुन खातून ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की.3 अगस्त को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि महिला की मौत फांसी से नहीं, बल्कि गला घोंटने से हुई थी.रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की. जांच में सामने आया कि आरोपी की पहली पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी और उसने दूसरी शादी खुशबुन खातून से की थी.प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने आपसी विवाद के चलते पत्नी की गला घोंटकर हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है. एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट हुयी और मामला हत्या का सामने आया है. इस पूरे मामले में यह पता लगाया जा रहा है कि किन कारणों के चलते पति ने पत्नि की हत्या की है.दोनों पक्षों के बयान भी लिये जा रहे हैं. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि किसी अन्य की भी भूमिका है या नहीं.

# सावधान : अपने बच्चों के गले की करें हिफाजतं

- बदमाशों की बुरी नजर लॉकिट और सोने की हाय
- एक सप्ताह के दौरान तीन बड़ी घटनायें आयी सामने
- पहले भी रेल्वे स्टेशन और खाटूश्याम मंदिर में बदमाश कर चुके वारदात



नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 अगस्त, इन दिनों बदमाश और जेबकतरों की नजर छोटे छोटे बच्चे और उनके गले में पहनने वाले सोने के लॉकिट और सोने की ताबीज पर बनीं हुयी हैं. पिछले 7 दिनों के दौरान तीन घटनायें सामने आयी हैं.**

जहां कुछ दिन पहले विदिशा जिला अस्पताल में एक साल की मासूम बच्ची के गले से सोने का लॉकेट चोरी होने का मामला सामने आया है.बच्ची अपने परिजनों के साथ शमशाबाद से अस्पताल में भर्ती एक मरीज को देखने आई थी. इसी दौरान अज्ञात बदमाश बच्ची के गले से लॉकेट निकालकर फरार हो गया.घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है. दूसरी घटना सिंधी कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप मालवीय के साथ हुयी जब वह अपनी बेटी के इलाज के लिये मेडीकल कॉलेज आये थे जहां पर लाइन में लगने के दौरान पीछे खड़े युवक ने बच्चे के गले से सोने का लॉकिट निकाल लिया. यह पूरा घटना क्रम सीसीटीव्ही में कैद हो गया है जिसकी शिकायत पुलिस ने की गयी है.परिजनों ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है. वहीं तीसरी वारदात किरी मोहल्ला में रहने वाले संजय लखेरा के साथ हुयी इनकी दुकान पर आये एक युवक ने दुकान पर खेल रहे ढाई साल के बच्चे से सूने का लॉकिट छीन लिया यह घटना 21 जुलाई की बतायी जा रही है जिसकी शिकायत भी कोतवाली पुलिस की गयी है. तीनों वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों का कोई भी सुराग नहीं मिला है. इस मामले में एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि कुछ मामले सामने आये हैं जिसके बाद कोतवाली पुलिस को जांच के निर्देश दिये हैं और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिये कहा गया है.

## विदिशा की कमान नीतू सिंह राजपूत को

नवभारत न्यूज



**विदिशा.** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने संगठन विस्तार के तहत 24 जिलों के जिलाध्यक्षों की पहली सूची जारी की है. अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की स्वीकृति के बाद जारी आदेश में विदिशा जिला महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नीतू सिंह राजपूत को बनाया गया है. नियुक्ति आदेश प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने जारी किया. पार्टी के अनुसार यह निर्णय संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है. नीतू सिंह राजपूत की नियुक्ति से जिले में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है.

## करंट लगने से 14 वर्षीय बालक की मौत, 21 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

नवभारत न्यूज

**विदिशा. जिले के रघुनाथपुर चक निवासी 14 वर्षीय आयुष यादव की खेत की तार फेंसिंग में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से हुई मौत के 21 दिन बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप परिजनों ने लगाया है. न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को परिजन जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी से मिले और पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया.**




परिजनों ने बताया कि आयुष यादव अपनी मां सपना यादव के साथ मालेगांव गया था. वहां भगत सिंह के खेत के चारों ओर लगी तार फेंसिंग में करंट प्रवाहित हो रहा था. इसी दौरान आयुष करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.परिजनों का कहना है कि घटना को 21 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदारों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. इससे परिवार में नाराजगी है. जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने परिजनों की शिकायत सुनने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

# सावन में शिवमय होगा सिरोंज

**7 दिवसीय शिव महापुराण कथा 6 अगस्त से**

**पार्थिव शिवलिंग निर्माण और प्रसादी वितरण**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, पावन सावन मास में शहर एक बार फिर शिव भक्ति में डूबने जा रहा है. छत्री हनुमान मंदिर परिसर में 6 अगस्त से 12 अगस्त तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का सात दिवसीय भव्य आयोजन किया जाएगा.**

आयोजकों के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक कथा का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. कथा के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण भी किया जाएगा. धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां तेज हो गई हैं. आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर कथा श्रवण एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भाग लेने की अपील की है. सात दिवसीय इस आयोजन के दौरान पूरे शहर में भक्ति का वातावरण निर्मित होगा. मंदिर परिसर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिससे क्षेत्र शिवमय वातावरण में सराबोर रहेगा.

### 5 अगस्त को निकलेगी कलश यात्रा

कार्यक्रम के पूर्व 5 अगस्त को दोपहर 12 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी. यह यात्रा शीतला माता मंदिर, कठाली बाजार से प्रारंभ होकर छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी. यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है.

## बनवाना था आयुष्मान कार्ड, दलाल ने बनवा दिया दिव्यांग प्रमाण पत्र

- लिये 20 हजार रूपये और हो गया गायब
- अब शिकायतकर्ता लगा रहा चक्कर



नवभारत न्यूज

**विदिशा, यह विदिशा जिला है यहां कुछ भी नामुमकिन नहीं है, तहसील, अस्पताल और नगर पालिका के आस पास सक्रिय रहने वाले दलाल आपका कोई भी काम पूरी गारंटी के साथ करने का दावा करते मिल जायेंगे. बशर्त है कि उन्हें मुंहमांगा पैसा मिला जाये. ऐसा ही एक रौचक मामला सामने आया है.**

सतपाड़ा पोस्ट के खेजड़ाखेड़ी गांव के रहने वाले राघवेन्द्र पुत्र धूपसिंह यादव ने कलेक्टर को दिये गये शिकायती आवेदन में कहा कि वह सड़क हादसे में घायल हो गये थे इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड की जरूरत थी. इसी दौरान बामोरी के रहने वाले वीरेन्द्र धाकड़ से उनकी मुलाकात हुयी और 20 हजार रूपये में आयुष्मान कार्ड बनवाने का वयादा किया.लेकिन आयुष्मान कार्ड तो नहीं बनाया गया बल्कि मेरी जानकारी और सहमति के बगैर ही मेडीकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित करते हुये फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा दिया. राघवेन्द्र यादव ने कहा कि मेरे नाम से जारी फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये.उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह पूरा चक्रव्यूह रचा है उनके खिलाफ कार्यवाही जाये और दिव्यांग प्रमाण पत्र निरस्त किया जाये.



## एलएलबी अंतिम सेमेस्टर में कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

- बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम में सोनम बक्सी कॉलेज टॉपर
- मेरिट में पांच विद्यार्थियों ने बनाई जगह

नवभारत न्यूज

**विदिशा, बरकतउल्लाह विश्व विद्यालय, भोपाल द्वारा घोषित एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है.बेहतर परिणाम ने एक बार फिर संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को साबित किया है.**

कॉलेज में सोनम बक्सी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया.जावेद हसमद द्वितीय, आकाश जाटव तृतीय, सुषमा नामदेव चतुर्थ तथा दिव्या चौधरी पंचम स्थान पर रहीं. सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया।परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय में उत्साह का माहौल रहा. संचालक आनंद शरण, प्राचार्य डॉ. नीलम पौराणिक एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेज लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है और विद्यार्थियों की यह सफलता उसी का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी न्यायिक सेवाओं, अधिवक्ता व्यवसाय और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे.

## जीज्जी, बाई कहकर वोट तो ले जाते, फिर पलटकर गांव नहीं आते

- गांव में सड़क न होने की बजह से मरीजों को ले
- जाना पड़ता है घाट पर

गांव की दो दर्जन से ज्यादा महिलायें सड़क बनाने की मांग लेकर पहुंची कलेक्टर के पास



नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 अगस्त, तहसील विदिशा में आने वाले मजराटोला ग्राम कनारी तनेजी की करीब दो दर्जन से ज्यादा महिलायें गांव में पक्की सड़क न होने शिकायत लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंची. गांव से आयी महिलाओं का कहना है कि उनके गांव में नेता, विधायक और अधिकरी 5 साल में सिर्फ 1 बार आते हैं. चुनाव लड़ते वाले नेता जी भी जब वोट मांगने आते हैं तो जिज्जी बाई वोट हमें ही देना, गांव में खूब विकास करेंगे और यह कहकर हमसे वोट ले जाते हैं और गांव की तरफ दुबारा पलटकर नहीं देखते.**

गांव में न तो पक्की सड़क है न ही सरकार की योजनाओं का गांव वालों को फायदा मिल रहा है. इस गांव में करीब 50 परिवार रहते है सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दौरान सामने आती है जब गांव रास्ते में कीचड़ हो जाती है तो मरीज को खाट पर रखकर पक्की सड़क तक लाना पड़ता है. बच्चा होने पर बच्चे को डलिया में रखकर लाते हैं. ऐसी तमाम परेशानियों से गांव वाले जूझ रहे. स्कूली बच्चे भी कीचड़ के चलते स्कूल नहीं जा पा रहे. गांव वालों की जनसुनवाई में यह दूसरी शिकायत है वे चाहते हैं कि गांव में पक्की सड़क का निर्माण किया जाये.

## अंतिम मतदाता सूची जारी, अध्यक्ष पद के नामांकन आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है. इस चुनाव में कुल 2,911 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्रों का क्रय एवं जमा 5 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा. निर्धारित समय के बाद किसी भी प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार नहीं होगा. उन्होंने इच्छुक प्रत्याशियों से समय सीमा का पालन करते हुए नियत अवधि में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है.

## बलराम कृषि महोत्सव 16 अगस्त को मिर्जापुर मंडी में

नवभारत न्यूज

**विदिशा** जिले का बलराम कृषि महोत्सव 16 अगस्त को नई कृषि उपज मंडी, मिर्जापुर में आयोजित होगा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की संभावना है तथा जिलेभर से 2 हजार से 5 हजार किसानों के पहुंचने का अनुमान है. महोत्सव में कृषि वैज्ञानिक आधुनिक खेती, उन्नत तकनीक, फसल प्रबंधन और उत्पादकता बढ़ाने के उपाय बताएंगे. कृषि एवं संबद्ध विभागों की प्रदर्शनियों के साथ किसानों को शासकीय योजनाओं, अनुदान, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती सहित विभिन्न विषयों की जानकारी और विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिलेगा.

## साकेत एमजीएम में नन्हे वैज्ञानिकों की झलक, बच्चों ने सजाई विज्ञान प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज

**विदिशा. बच्चों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने सोलर सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग, स्वच्छता मॉडल, ट्रैफिक लाइट, पवन चक्की, मंगलयान, चंद्रयान तथा रीसाइकल सामग्री से बने आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए.**

मुख्य अतिथि डॉ. रुद्र नारायण शुक्ला, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, एप्लाइड केमिस्ट्री विभाग, एसएटीआई विदिशा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छोटी उम्र में विज्ञान के प्रति रुचि भविष्य के वैज्ञानिकों की नींव रखती है. विद्यालय के संचालक ने विज्ञान को अवलोकन, प्रयोग और तर्क पर आधारित ज्ञान बताया. प्राचार्य डॉ. जी.डी. पाटिल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.






**कार्यवाही** विवेकानंद चौराहे पर चला विशेष चेकिंग अभियान, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई; पुलिस ने यातायात नियमों के पालन का दिया संदेश

## हूटर का रूतवा दिखाना अब पड़ सकता है भारी, कार में काली फिल्म न आये नजर

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर में सैकड़ों गाड़ियां ऐसी दौड़ रही है जिनमें अवैध तरीके से हूटर लगे हैं और काली फिल्म भी लगी हुयी है, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है.खासतौर पर नेता, बड़े ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों के कथित करीबी अपने वाहनों पर हूटर लगाकर सायरन बजाते हुये नजर आ जाते हैं. अब यह बीआईपी कल्चर दिखाना उन्हें भारी पड़ सकता है.पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है.**




शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने विवेकानंद चौराहे पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया.पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई.चेकिंग के दौरान अवैध हूटर, काली फिल्म, बिना नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई. जिन वाहन चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी की गई, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई. वहीं अन्य वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया.

थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस तरह के विशेष चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय सभी यातायात नियमों का पालन करें, वाहनों में अवैध हूटर, काली फिल्म एवं अन्य प्रतिबंधित संशोधन न कराएं.पुलिस का उद्देश्य कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को जागरूक कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है.